केंद्रीय हिंदी समिति

- केन्द्रीय हिन्दी समिति वह शीर्षस्थ समिति है, जो नीति निर्धारण में बड़े स्तर पर मार्गदर्शन उपलब्ध कराती है और राजभाषा नीति को लागू करने के लिए अंतर्मन्त्रालयीय और अंतर्विभागीय समन्वय सुनिश्चित करते हुए नीतिगत विषय से संबंधित निर्णयों के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण करती है।
- इस समिति के अध्यक्ष प्रधानमंत्री तथा सदस्य - सचिव राजभाषा विभाग के सचिव होते हैं।
- इस समिति में प्रधानमंत्री के अतिरिक्त कुछ केंद्रीय मंत्री, कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री, सांसद तथा हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के विद्वान सदस्य के रूप में सम्मिलित किए जाते हैं।
- राजभाषा नीति के संबंध में दिशा- निर्देश देने वाली यह सर्वोच्च समिति है।